**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**30 जून 2025, समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने पशु चिकित्सा और देखभाल में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के लिए नई तकनीक के इस्तेमाल का आह्वान किया।**
- **आज चंडीगढ़ के आंबेडकर भवन में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया।**
- **कुरुक्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए सूचना केंद्र खोला गया।**
- **हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरोंडा हलके में 3 करोड़ 76 लाख 45 हज़ार रूपए की सात परियोजनाओं का उद्घाटन व् शिलान्यास किया।**
- **सिरसा की कालांवाली नगर पालिका के आम चुनाव का परिणाम घोषित हुआ , महेश कुमार प्रधान पद के लिए चुने गए।**

*************************************************************************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि अन्य क्षेत्रों की तरह प्रौद्योगिकी पशु चिकित्सा औषधि और देख-रेख में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की क्षमता रखती है। उत्तर प्रदेश के बरेली में आज सुबह भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान के 11वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि प्रौद्योगिकी का उपयोग देशभर के पशु चिकित्सा अस्पतालों को सशक्त बना सकता है।राष्ट्रपति ने कहा कि आज वन हेल्थ की अवधारणा विश्वभर में महत्वपूर्ण हो रही है। इस अवधारणा में माना गया है कि मानव, घरेलू और जंगली पशु, वनस्पति और पर्यावरण सभी एक-दूसरे पर आश्रित हैं।उन्होंने कहा कि पशु कल्याण के लिए नियमित रूप से पशु आरोग्य मेलों का आयोजन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में शिविर लगा कर पशुओं की चिकित्सा होने पर पशुओं के साथ-साथ समाज भी स्वस्थ रहेगा।
*************************************************************************

आज चंडीगढ़ के अंबेडकर भवन में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री और पंजाब भाजपा प्रभारी विजय रूपाणी के निधन को लेकर शोक सभा का आयोजन किया गया। वह अहमदाबाद में दुर्घटना का शिकार हुए विमान में सवार थे। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उनका निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल कौशिक सहित अन्य वरिष्ठ

जन उपस्थित रहे।मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, राष्ट्रवाद और सेवा-भाव के आदर्शों के अनुरूप समर्पित रहा। वे एक सच्चे कर्मयोगी, विचारशील राजनेता और जनमानस से जुड़ी हुई भावना के प्रतीक थे। उनके निधन से देश ने एक ऐसा जननेता खो दिया है, जिसने पूरी निष्ठा से संगठन, सत्ता और समाज, तीनों के साथ न्याय किया।

***********************************************************************

आपातकाल लागू किए जाने की 50वीं वर्षगांठ पर भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में काले अध्यायों में से एक के रूप में इस अवधि को याद किया जा रहा है। इस अवसर पर देशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवधि के दौरान मीसा के तहत जेल भेजे गए लोगों को सम्मानित किया जा रहा है। आपातकाल के दौरान की स्थितियों को लेकर राजनीतिज्ञ अरुण वशिष्ठ ने अपने अनुभव साझा किए।

***जेल के अंदर तो जो माहौल था। वो तो सामान्य जो जेल के अंदर हो सकता है। और जिसकी आप कल्पना कर सकते हैं। पर वह अतिरिक्त बंदिशें थी इस नाते कि हमारी मुलाकात पर प्रतिबंध था। हमसे कौन मिलने आ रहा है। इसका एलआईयू देखती थी। बहुत ही निकट के लोग वो मिलने आ पाते थे। समाज तो जेल से भी ज्यादा डरा हुआ था। जो लोग बाहर से रिश्तेदार-रिश्तेदार को नहीं पहचान रहे थे। घर आना जाना नहीं था। हम लोग जो जेल आ गए थे। उन परिवारों की देखभाल करने वाले भी हमारे निजी लोग नहीं थे।***

***********************************************************************

कुरुक्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए कुरुक्षेत्र के अर्जुन चौक पर सूचना एवं सुविधा केंद्र खोला गया है। कुरुक्षेत्र उपायुक्त नेहा सिंह ने आज इस केंद्र का उद्घाटन किया।पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि इस केंद्र में देश विदेश से आने वाले पर्यटकों के लिए सभी सुविधाएं मुहैया करवाई गई हैं।उन्होंने बताया कि केंद्र में पर्यटकों के लिए यातायात, आसपास के पर्यटक स्थलों के भ्रमण के साथ साथ रहने व खाने की सुविधा भी उचित दामों में उपलब्ध कराई गई है।

उपायुक्त नेहा सिंह ने बताया -

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों पर और सूचना केंद्र खोले जाएंगे।

उन्होंने कहा कि जब कोई पर्यटक बाहर से कुरुक्षेत्र पहुंचता है तो उसे कुरुक्षेत्र के बारे में पूरी जानकारी नहीं होने के चलते कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यह सूचना केंद्र तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के लिए मददगार होगा।इस अवसर पर मौजूद कुरुक्षेत्र विकास

बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंकज सेतिया ने बताया कि कुरुक्षेत्र पहुंचने वाले पर्यटकों को सूचना केंद्र पर सेल्फ हेल्प ग्रुप के द्वारा बनाई गई अनेक वस्तुएं भी देखने को मिलेंगी जिन्हें वह खरीद भी सकेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें ब्रह्मसरोवर का पानी, ज्योतिसर वट वृक्ष की मिट्टी व पत्तों से बना एक महाशक्ति बॉक्स भी दिया जाएगा जिससे कि वह कुरुक्षेत्र की पावन धरा की निशानी अपने साथ अपने घर ले जा सकें। बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल ने सूचना केंद्र में मौजूद अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

*******************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने घरौंडा हलके में तीन करोड़ 76 लाख 45 हजार रुपये की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।श्री कल्याण ने गांव भरतपुर में लोक निर्माण विभाग की सड़क से श्मशान घाट तक के रास्ते का शिलान्यास किया। इसका निर्माण पंचायती राज विभाग द्वारा किया जाएगा।उन्होंने बताया कि 1 हजार 278 मीटर लंबे इस रास्ते के निर्माण पर 57 लाख 25 हजार रुपये की लागत आएगी। पेवर ब्लॉक से बनाए जाने वाले इस रास्ते का निर्माण कार्य चार महीने में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।विधानसभा अध्यक्ष ने सदरपुर गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का भी शिलान्यास किया। इसका निर्माण जिला परिषद की ओर से कराया जाएगा। इस पर 67 लाख 26 हजार रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों से खुलकर अपनी समस्याओं व मांगों कोरखने को कहा और आश्वासन दिया कि हर वाजिब कार्य को पूरा कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए प्रशिक्षण केंद्र का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। इसे दो साल के अंदर पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा।

*******************************************************************

सिरसा की कालांवाली नगरपालिका में आम चुनाव की मतगणना स्थानीय चौ. देवीलाल विश्वविद्यालय के डा. अंबेडकर भवन में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई । मतगणना के उपरांत रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित कुमार ने विजेता प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र सौंपे। रिटर्निंग अधिकारी ने शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम मोहित कुमार ने बताया कि नगरपालिका कालांवाली के प्रधान पद के लिए हुए मतदान में चुने गये महेश कुमार को सर्वाधिक 5 हजार 127 मत प्राप्त हुए जबकि दूसरे स्थान पर रहे सुनील कुमार को 4 हजार 98 मत मिले । इसके अलावा नोटा को 104 मत प्राप्त हुए। चुनाव में कुल 12 हजार 582 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

*********************************************************************

कुरुक्षेत्र जिले में शाहबाद के गांव धंतौड़ी में बरसाती पानी की वजह से लगभग 500 एकड़ फसल खराब हो गई है।ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई दिनों से खेतों में पानी खड़ा है। ग्रामीणों ने प्रशासन पर बेंतर नाले की सफाई समय से न करने के आरोप लगाए हैं।

*********************************************************************

पंचकूला जिले की मंडियों में अब तक सूरजमुखी की 3 हजार 304 मीट्रिक टन से अधिक फसल की खरीद की गई है।खाद्य आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि जिले की मंडियों में अब तक सूरजमुखी की हुई आवक में हैफेड द्वारा 3304 मीट्रिक टन 84 क्विंटल फसल की खरीद कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बाकी की सूरजमुखी भी खरीदी जा रही है ।

*********************************************************************